उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ

# संस्कृत प्रतिभा खोज 2024

## जनपदस्तरीय संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हेतु आदर्श प्रश्नोत्तर

## भाषा दक्षता (सेट- 2)

**निर्णायकों के लिए निर्देशः-**

1. संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन नियम निर्देशिका के अनुसार किया जाए। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता आरम्भ करने के पूर्व इस प्रतियोगिता के नियम से छात्रों को अवगत करा दिया जाय।
2. गोलाकार में बैठे प्रत्येक छात्र से एक समान प्रश्न पूछे जाएं। किसी नवीन बिंदु के प्रश्नों का आरम्भ गोलाकार में बैठे प्रथम छात्र से किया जाए।
3. प्रश्नोत्तरी में लिखित प्रश्न सरल से कठिन की ओर ले जाता है। कठिन प्रश्न कम पड़ जाने पर निर्णय करने हेतु स्वविवेक से अथवा उपस्थित छात्रों की पुस्तक से प्रश्न बनाते हुए अवशिष्ट प्रतिभागी से एक समान प्रश्न पूछा जाय।
4. निर्णायक द्वारा प्रत्येक राउंड के बाद प्रतिभागी को अबतक कुल अवसर समाप्ति की सूचना दी जाय। अभ्युक्ति में उसके नाम के सम्मुख एक अवसर समाप्ति सूचक (X) चिह्न लगाया जाय।

### वर्तनी ज्ञान (वर्ण विच्छेद)

**प्रश्न-** "कपि" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - क् + अ + प् + इ

**प्रश्न-** "अथ" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - अ + थ् + अ

**प्रश्न-** " यव" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर -** य् + अ + व् + अ

प्रश्न- "द्वार" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

उत्तर - द् + व् + आ + र् + अ

**प्रश्न-** "आवृत्ति" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर** - आ + व् + ऋ + त् + त् + अ + इ

**प्रश्न-** "संस्कृत" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

उत्तर - स् + अं + स् + क् + ऋ + त् + अ

**संकेत- इसी प्रकार छात्र / छात्राओं से अधोलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद पूछें-**

पयः । जलम् । नीरम् । पयः । अवलेहः । शीतल । आढकी। आलुः । अमृती । एला । कन्दुः । तुम्बी । अलाबुः । शाकम् । अभिनवः । तिलः । कफघ्नी । कलाकन्दः । अम्लम् । कृशरा। किलाटः । पायसम् । दुग्धपूपिका । गोधूमः । घृतम् । सर्पिः । भ्रम। अन्नम्, शस्यम् । चणकः

। प्रीति । कुण्डली। कुण्डलिका । दुग्धम्। व्यञ्जनम् । अतसी । दधि । द्विदलम् । दालमुद्गः । धान्यम् । लवणान्नम्, लावण्यम् । कर्कटिका । काञ्चनारः । पिष्टिका । आर्द्रकम् ।

वर्ण-विच्छेद सहित अंतिम वर्ण पूछना । निर्णायक उदाहरण बोलकर प्रतिभागी को समझा दें।

जैसे - **आशा** = आ + श् + आ (आकारान्त) **दुर्ग** = द् + उ + र् + ग् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "राजन्" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -** राजा = र् + आ + ज् + अ+ न् (नकारान्त)
**प्रश्न-** "लता" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर** - लता = ल् + अ + त् + आ ( आकारान्त )
**प्रश्न-** "कवि" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -**कवि = क् + अ + व् + इ (इकारान्त)
**प्रश्न-** "मति" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -** मति = म् + अ + त् + इ (इकारान्त)
**प्रश्न-** "नदी" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -** नदी = न् + अ + द् + ई ( ईकारान्त )
**प्रश्न-** "पृथ्वी" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -** पृथ्वी = प् + ऋ + थ् + व् + ई ( ईकारान्त )
**प्रश्न-** "दीपावली" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -** दीपावली = द् + ई + प् + आ + व् + अ + ल् + ई ( ईकारान्त )
**प्रश्न-** "शिशु" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -**शिशु = श् + इ + श् + उ ( उकारान्त )
**प्रश्न-** "मधु" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -**मधु = म् + अ + ध् + उ ( उकारान्त )
**प्रश्न-** "गुरु" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -**गुरु = ग् + उ + र् + उ ( उकारान्त )
**प्रश्न-** "वधू" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -**वधू = व् + अ + ध् + ऊ ( ऊकारान्त )
**प्रश्न-** "मातृ" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?
**उत्तर -**मातृ = म् + आ + त् + ऋ ( ऋकारान्त )

**प्रश्न-** "पितृ" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर -** पितृ = प् + इ + त् + ऋ

**प्रश्न-** "राजन्" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर -** राजन् = र् + आ + ज् + अ + न् (नकार )

**प्रश्न-** "वाच्" यह पद किन - किन अक्षरों के मेल से बना है ?

**उत्तर -**वाच् = व् + आ + च्

**प्रश्न-** "आसन्द:" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर -**आसन्द:=आ + स् + अ + न् + द् + अ + विसर्ग

**प्रश्न-** "विद्यालयः" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए।

**प्रश्न-** "उज्ज्वल" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर -**उ+ ज् + ज् + व् + अ + ल् + अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "कार्तिक" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर -**क् + आ र् + त् + इ + क +अ (अकारान्त)

**प्रश्न-** "समृद्धि" शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए तथा अन्तिम वर्ण बताइए ?

**उत्तर -**स् + अ + म् + ऋ + द् + ध् + इ (इकारान्त)

**संकेत- इसी प्रकार छात्र / छात्राओं से अधोलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद पूछें-**

पयः । जलम् । नीरम् । अवलेहः । शीतल । आढकी। आलुः । अमृती । एला । एवम् । अलाबुः । शाकम् । अभिनवः । तिलः । कफघ्नी । कलाकन्दः । संस्कृत । शब्द । सन्धि । स्वरूप । उच्चारण । जिह्वा । आदि। विशेष । प्रयत्न । देवभाषा । भाषा । व्याकरण । अत्यंत । परिमार्जित । वैज्ञानिक ।

## वर्ण ज्ञान

**प्रश्न-** अनुस्वार तथा विसर्ग कौन सा वर्ण है ? स्वर, व्यंञ्जन या अयोगवाह ?

**उत्तर-** अयोगवाह

**प्रश्न-** विसर्ग के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर-** अर्ध मात्रा (आधी मात्रा)

**प्रश्न-** व्यञ्जन वर्ण के उच्चारण में कितनी मात्रा का समय लगता है?

**उत्तर-** अर्ध मात्रा (आधी मात्रा)

**प्रश्न -** ठ वर्ण किस वर्ग का वर्ण है ?

**उत्तर-** ठ वर्ण टवर्ग का वर्ण है।

**प्रश्न -** माहेश्वर सूत्रों की संख्या कितनी हैं ?

**उत्तर -** 14

**प्रश्न-** स्वर के कितने प्रकार के होते हैं ?

**उत्तर -** तीन

**प्रश्न-** स्वर के तीनों भेद का नाम बताइये ?

**उत्तर -** ह्रस्व, दीर्घ तथा प्लुत ।

**प्रश्न-** स्पर्श संज्ञक वर्णों में किस-किस वर्ग के वर्ण आते हैं ?

**उत्तर -** कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग तथा पवर्ग

**उच्चारण स्थान**

**प्रश्न-** "ष" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर -** मूर्धा

**प्रश्न-** "चवर्ग" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर -** तालु

**प्रश्न-** "ण" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर -** मूर्धा

**प्रश्न-** "ऋ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर -**मूर्धा

**प्रश्न-** "ऐ" का उच्चारण स्थान क्या है?

**उत्तर -**कण्ठ तालु

**प्रश्न-** "जिह्वामूल से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर -**जिह्वामूल - जिह्वामूलीय क, ख

**प्रश्न-** दन्त-ओष्ठ से किन-किन वर्णों का उच्चारण होता है?

**उत्तर -**व

**सङ्केत-**

य (तालु) ल (दन्त) (कण्ठ - अ क ख ग घ ङ ह विसर्ग), (तालु - इ च छ ज झ ञ य श), (मूर्धा - ऋ ट ठ ड ढ ण र ष), (दाँत - लृ त थ द ध न ल स), (ओष्ठ - उ प फ ब भ म उपध्मानीय प, फ) (कण्ठ-तालु - ए ऐ) (कण्ठ-ओष्ठ - ओ औ) (मुख-नासिका - ङ ञ ण न म) (दन्त-ओष्ठ - व) (जिह्वामूल - जिह्वामूलीय क, ख) (नासिका - अनुस्वार)

**पर्यायवाची / समानार्थक शब्द**

**प्रश्न-** "शतदल" इसके दो समानार्थक पद बोलें।

उत्तर -पंकज, नीरज, जलज, पद्म, कमल, पुण्डरीक, अरविन्द, इन्दीवर, सरोज

**प्रश्न-** "सलिल" के दो समानार्थक पद बोलें।

उत्तर -वारि, नीर, पय, अम्बु, उदक, जल

**प्रश्न-** "दुग्ध" के दो समानार्थक पद बोलें।

उत्तर -पयः, क्षीर, गोरस

विलोम शब्द

**प्रश्न-** "उत्तीर्णः" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

**उत्तर -** अनुत्तीर्णः

**प्रश्न-** “एकत्र" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

**उत्तर -** सर्वत्र

**प्रश्न-** “पुरातन" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर -अधुनातन

**प्रश्न-** “अन्तर्मुखी" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर - बहिर्मुखी

**प्रश्न-** “कटु" इस पद का विपरीतार्थक पद बोलें।

उत्तर -मृदु

**प्रश्न-** "दीर्घ" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर -ह्रस्व

**प्रश्न-** "लौकिक" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर -अलौकिक

**प्रश्न-** "कनिष्ठ" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर - वरिष्ठ, ज्येष्ठ

**प्रश्न-** "सन्धि" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर -विग्रह

**प्रश्न-** "आकर्षण" का विरुद्धार्थक पद बोलें।

उत्तर -विकर्षण

संख्यावाची शब्द बताओ-

प्रश्न- द्वौ से लेकर सप्त तक संख्यावाची शब्द बोलिए-

उत्तर - द्वौ, त्रयः, चत्वारः, पञ्च, षट्, सप्त ।

प्रश्न- षट् से लेकर एकादश तक संख्यावाची शब्द बोलिए-

उत्तर - षट्, सप्त, अष्टौ या अष्ट, नव, दश, एकादश ।

प्रश्न- दश से लेकर षोडश तक संख्यावाची शब्द बोलिए-

उत्तर - दश, एकादश, द्वादश, त्रयोदश, चतुर्दश, पंचदश, षोडश।

**संकेत- इसी प्रकार अन्य प्रश्न पूछने हेतु अधोलिखित संख्या दी जा रही है।**

सप्तदश, अष्टादश, नवदश/ऊनविंशतिः/एकोनविंशतिः, विंशतिः, एकविंशतिः, द्वाविंशतिः, त्रयोविंशतिः, चतुर्विंशतिः, पंचविंशतिः, षड्विंशतिः, सप्तविंशतिः, अष्टाविंशतिः, नवविंशतिः/एकोनत्रिंशत्/ऊनत्रिंशत्, त्रिंशत् । एकत्रिंशत्..... ।

शब्दकोष

**शरीर के अङ्गों के नाम पूछें।**

चिबुकम् (गाल), तुन्दम् (तोंद), शिरा (धमनी), स्नायुः (नाड़ी), अधरोष्ठः (होठ), पञ्चाङ्गुलम् (पञ्जा), गुल्मः (प्लीहा), काकुदम् (मसूढा), वक्त्रम् (मुख), मेरुदण्डम् (रीढ़), पलितम् (श्वेत केश), मज्जा (हड्डी के अनदर की वसा), करतलम् (हथेली), जत्रु (कन्धे की हड्डी), क्रोडम् (गोद), चुलुकः (चुल्लू), सृक्कणी (दोनों जबड़े), रदनः (दाँत), पर्शुका (पँजड़ी), गुल्मः (प्लीहा), शमश्रुः (दाढ़ी), लार (लाला) इत्यादि।

संस्कृत में पशुओं तथा पक्षियों के नाम पूछें

बैल (बलीवर्दः, वृषभः), लङ्गूर (लाङ्गुलिः), हिरन (हरिणः, मृगः) हथिनी (करिणी, हस्तिनी), हाथी का बच्चा (कलभः, करिशावकः), लोमड़ी (लोमशा, लोमाली, लोमशः), भेड़ (मेषः, एडकः, ऊर्णायुः), भेड़िया (वृकः, ईहामृगः), बाघिन (व्याघ्री), नीलगाय (गवयः, वनधेनुः), कछुआ (कच्छपः, कूर्मः), मोर (मयूरः), भौंरा (षट्पदः), कोयल (पिकः, कोकिलः), ऊर्णनाभः (मकड़ा), चित्रकः (चीता), तरक्षुः (तेंदुआ)

भोज्य पदार्थों के नाम

प्रश्न- मक्खन को संस्कृत में क्या कहते हैं

नवनीतम्

पानीपुडी - जलपूरिका

ब्रेड - मृदुरोटिका

विस्किट - सुपिष्टकम्

कफघ्नी (कॉफी), खस्तापूरी (शष्कुली), चपाती (पोलिका), चटनी (अवलेहः), चाट अवदंशः), चीला (चित्रापूपः), डबलरोटी (अभ्यूषः), पका अन्न (सिद्धान्नम्), पापड़ी/पपडी (पर्पटी), पुलाव (पुलाकः), भर्ता (भरित्रम्), मावा/खोया (किलाटः), रायता (दाधिकम्, दाधेयम्, राज्यक्तम्), मार्ग के लिये भोजन (पाथेयम्), राजमा (राजमाषम्), रागी (सितमाषः), शहद (मधु, माक्षिकम्), हलवा (संयावकम्, संयावः) इत्यादि।

**प्रचलित विदेशी शब्द का संस्कृत शब्द**

आबरू - अभिमानः

आमदनी - आय

आलपिन

आलू - आलुकम्

आवारा - भ्रान्तः
आसमान -आकाशः/गगनम्
इंडिया (India) - भारतम्
इरादा - मतिः
इशारा - सङ्केतः
ईख - इक्षु
ईमान - सत्यम्
उपन्यास - उपन्यासः
उर्दू - उर्दू
उस्ताद - गुरुः/शिक्षकः/निर्देशकः
एग्रीकल्चर (Agriculture) - कृषि:
एग्रोनॉमी (Agronomy) - कृषिविज्ञानम्
एहसान - कृपा
ऐनक - उपनेत्रम्
ऑपरेशन -शल्यचिकित्सा
ऑफिसर - अधिकारी
औरत - स्त्री/नारी
औलाद - अपत्यः/तनुजः
कप - चषकः
कबूतर - कपोतः
कलेक्टर - संग्राहकः
काजू - काजवम्
कारीगर - शिल्पी/कारुकः
किचन - पाकशाला
किताब -पुस्तकम्, ग्रन्थः
कुर्सी - आसन्दिका
केक - स्निग्धपिष्टकम्
कैंची -कर्तरी
कैलेंडर -दिनदर्शिका
कॉपी - लेखनपुस्तिका
कॉलेज - महाविद्यालयः
कोर्ट - न्यायालयः

चाबी -कुञ्जी
चाबी - कुञ्चिका
चाय - चायम्
चालाक - चतुरः
चॉकलेट - चाकलेहः
जज - निर्णायकः
जमीन -भूमिः
जलेबी - मृतशष्कुली
जिला - जनपदम्
जीरो (Zero) - शून्यम्
जुकाम - प्रतिश्यायः
जुलाहा - तन्तुवायः
जूस - जूष
जेल (Jail) -कारागृहम्
ज़ेवर - आभूषणम्
टमाटर - हिण्डीरः/रक्ताङ्गः
टेबल -उत्पीठिका
टैक्स -करः
टॉफी - गुल्यः
टोस्ट - भ्रष्टापूपः
ट्रेन - रेलयानम्
ठग - वञ्चकः

सर्वनाम

**प्रश्न-** सः किस सर्वनाम शब्द का रूप है ?

**उत्तर -** तत् सर्वनाम शब्द का रूप है ।

**प्रश्न -**"मह्यम् आम्रं रोचते", इस वाक्य में आम्रम् के स्थान पर इदम् सर्वनाम का प्रयोग करके वाक्य बनाए ?

**उत्तर -**मह्यम् इदं रोचते ।

**प्रश्न- "**अस्मद्" किस सर्वनाम का रूप है ?

**उत्तर -**अस्मद्

**प्रश्न -**"पाठकाः दूरात् आगच्छन्ति", यहाँ पाठकाः के स्थान पर इदम् शब्द का प्रयोग कर वाक्य बनाए ।

**उत्तर -**इमे दूरात् आगच्छन्ति ।

प्रश्न- अस्मिन् भाण्डे बहु जलमस्ति इस वाक्य में बहु के स्थान पर मात्रावाचक सर्वनाम शब्द का प्रयोग करके प्रश्न बनाएँ।

उत्तर- कियत्

**विशेषण-**

प्रश्न -"नारिकेलफलं बहिस्तः कठोरं भवति" में कौन विशेषण पद है?

उत्तर - कठोरम्

प्रश्न -"कृशाः बालिकाः बलिष्ठाः न सन्ति" में कौन विशेषण पद है?

उत्तर - कृशाः, बलिष्ठा

प्रश्न -"कृषकाः उन्नतायां भूमौ आढकीवीजानि वपन्ति" में कौन विशेषण पद है?

उत्तर - उन्नतायाम्

प्रश्न -"दुष्टाः नराः दण्डनीयाः" में कौन विशेष्य पद है?

उत्तर - नराः

प्रश्न -"श्रेष्ठाः जना आदरणीयाः भवन्ति" में कौन विशेष्य पद है?

उत्तर -जनाः

प्रश्न -"वसन्ते कोकिलः पञ्चमे ताने गायति" में कौन विशेष्य पद है?

उत्तर - कोकिलः

प्रश्न -"मनोरमाः महिलाः सुन्दरं नृत्यं कुर्वन्तः सन्ति" में कौन विशेषण पद है?

उत्तर -सुन्दरम्

प्रश्न -"अस्माकं राष्ट्रं विशालम् अस्ति" में कौन विशेषण पद है?

उत्तर -विशालम्

प्रश्न -"सूनृता वाक् सदा वाच्या" में कौन विशेषण पद है?

उत्तर -सूनृता

शब्द का लिंग

**प्रश्न-** संस्कृत में कितने लिंग होते हैं -

**उत्तर-** 3

**प्रश्न-** 'शशिन्' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -पुँल्लिङ्ग

**प्रश्न-** 'आत्मा' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -पुँल्लिङ्ग

**प्रश्न-** 'महिमा' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -पुँल्लिङ्ग

**प्रश्न-** 'नासिका' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -स्त्रीलिंग

**प्रश्न-** 'मोदक' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -पुँल्लिंग

**प्रश्न-** 'भूमि' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -स्त्रीलिंग

**प्रश्न-** 'मधुमष्ट' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -पुँल्लिंग

**प्रश्न-** 'पिण्ड' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -पुँल्लिंग

**प्रश्न-** 'दिश्' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -स्त्रीलिंग

**प्रश्न-** 'मिष्टपाक' किस लिंग का शब्द है ?

**उत्तर** -पुँल्लिंग

प्रश्न- 'कृपाण' किस लिंग का शब्द है?

**उत्तर** -पुँल्लिंग

विभक्ति तथा वचन

प्रश्न- 'जगन्ति'में कौन सी विभक्ति तथा वचन है?

उत्तर- प्रथमा बहुवचन

प्रश्न- 'पयोभ्याम्'में कौन सी विभक्ति तथा वचन है?

उत्तर- तृतीया/चतुर्थी/पञ्चमी द्विवचन

प्रश्न- 'मनसी' में कौन सी विभक्ति तथा वचन है?

उत्तर- प्रथमा /द्वितीया द्विवचन

प्रश्न- 'भवन्तम्' में कौन सी विभक्ति तथा वचन है?

उत्तर- द्वितीया एकवचन

प्रश्न- 'अमून्'में कौन सी विभक्ति तथा वचन है?

उत्तर- द्वितीया बहुवचन

प्रश्न- 'अमूषु' में कौन सी विभक्ति तथा वचन है?

उत्तर- सप्तमी बहुवचन

इसी प्रकार इन शब्दों के विभक्ति, वचन पूछें-

विशालैः (तृतीया बहुवचन), शोभने (सप्तमी एकवचन), लघुनी (प्रथमा/द्वितीया द्विवचन), रमायै (चतुर्थी एकवचन), भानुभ्यः (चतुर्थी/पञ्चमी बहुवचन), पत्या (तृतीया एकवचन), इत्यादि

### शब्द का लिंग तथा वचन

**प्रश्न-** ग्रामण्यौ का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग शब्द, द्विवचन।

**प्रश्न-** सेतू का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - पुल्लिंग शब्द, प्रथमा तथा द्विवचन।

**प्रश्न-** हनुः का लिंग तथा वचन बोलिए।

उत्तर - स्त्रीलिंग शब्द, एकवचन।

प्रश्न- लघवः का लिंग, विभक्ति तथा वचन बताइये।

उत्तर- पुँल्लिंग प्रथमा बहुवचन

प्रश्न- करीन् में कौन सा लिंग, विभक्ति तथा वचन है?

उत्तर- पुँल्लिंग, द्वितीया, बहुवचन

प्रश्न- हनौ में कौन सा लिंग, तथा विभक्ति है?

उत्तर- स्त्रीलिंग सप्तमी विभक्ति

प्रश्न- अमुना किस लिंग तथा विभक्ति का रूप है/

उत्तर- पुँल्लिंग/नपुंसक लिंग तृतीया विभक्ति

प्रश्न- वारीणि किस लिंग, विभक्ति तथा वचन का रूप है?

उत्तर- नपुंसक लिंग प्रथमा, द्वितीया बहुवचन

प्रश्न- ते किस लिंग तथा विभक्ति का रूप है?

उत्तर- पुँल्लिंग प्रथमा विभक्ति/ स्त्रीलिंग प्रथमा, द्वितीया द्विवचन/ नपुंसक लिंग प्रथमा, द्वितीया द्विवचन

इसी प्रकार अन्य शब्दों में लिंग, विभक्ति तथा वचन पूछें।

### शब्द / पद का लकार/पुरुष/वचन

**प्रश्न-** संस्कृत में पुरुषों की कितनी संख्या है ?

**उत्तर-** 3

**प्रश्न-** संस्कृत के तीनों पुरुषों का नाम बताईये ?

**उत्तर -**प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा उत्तम पुरुष

प्रश्न- वद में पुरुष तथा वचन बताइए।

उत्तर- मध्यम पुरुष एकवचन

प्रश्न- वदिष्यावः में पुरुष तथा वचन बताइए।

उत्तर- उत्तमपुरुष बहुवचन

प्रश्न- वत्स्यथ किस पुरुष तथा वचन का रूप है?

उत्तर- मध्यम पुरुष बहुवचन

प्रश्न- दत्ताम् में कौन सा पुरुष तथा वचन है?

उत्तर- प्रथम पुरुष द्विवचन),

प्रश्न- दद्युः में लकार, पुरुष तथा वचन बताइए।

उत्तर- विधिलिंग,प्रथम पुरुष बहुवचन

प्रश्न- कथयतम् किस लकार, पुरुष तथा वचन का रूप है?

उत्तर- लोट् लकार,मध्यम पुरुष, द्विवचन

प्रश्न- कथयाम में पुरुष तथा वचन बताइए।

उत्तर- उत्तम पुरुष बहुवचन

इसी प्रकार इन पदों का पुरुष, वचन पूछें

पश्येः (मध्यम पुरुष द्विवचन), द्रक्ष्यतः (प्रथम पुरुष द्विवचन)अनयः (मध्यम पुरुष द्विवचन), नेष्यथः (मध्यमपुरुष द्विवचन), नयतात् (प्रथम/मध्यम पुरुष एकवचन), याचावहै (उत्तम पुरुष द्विवचन), अयाचे (उत्तम पुरुष एक वचन), तिष्ठेम (उत्तम पुरुष बहुवचन)

वाक्य में विशेष्य और विशेषण

**प्रश्न-** श्वेतः अश्वः धावति में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर -** श्वेतः विशेषण पद है ।

**प्रश्न-** चतुरः काकः जलं पिबति में कौन विशेष्य पद है ?

**उत्तर -** काकः विशेष्य पद है ।

**प्रश्न-** पुष्पं सुन्दरं अस्ति इस वाक्य में कौन विशेषण पद है ?

**उत्तर -** सुन्दरं विशेषण पद है ।

सुप् प्रत्यय तथा शब्दरूप

**प्रश्न-** "मक्षिके" किस शब्द का रूप है?

**उत्तर**- मक्षिका का द्विवचन

**प्रश्न-** रमा शब्दस्य षष्ठीविभक्तौ एकवचने किं रूपम्?

**उत्तरम् -** रमायाः

**प्रश्न-** गज शब्दस्य प्रथमाविभक्तौ किं रूपम्?

**उत्तरम् -** गजः गजौ गजाः

संकेत - नर, मृग, वानर, सैनिक, चतुर, अश्व, घट, दिवस शब्द का प्रथमा, द्वितीया, तृतीया आदि विभक्ति का रूप पूछें

## तिङ् प्रत्यय तथा धातुरूप

**प्रश्न-** खेलिष्यन्ति पद किस धातु का रूप है

**उत्तर -** खेल् धातु

**प्रश्न-** भविष्यन्ति पद किस धातु का रूप है

**उत्तर -** भू धातु

**प्रश्न-** "पचति" किस धातु का रूप है?

**उत्तर**- डुपचष् / पच् धातु

## धातुरूप का वचन/पुरुष

**प्रश्न-** 'पा' धातु के लट् लकार प्रथमपुरुष बहुवचन का रूप बोलिए ।

**उत्तर -** पिबन्ति

**प्रश्न-** पठ् धातु प्रथम पुरुष बहुवचन लट्लकार का रूप क्या होगा

**उत्तर -** पठन्ति

**प्रश्न-** खेल् धातु के प्रथम पुरुष का रूप बताइये

**उत्तर -** खेलति खेलतः खेलन्ति

## पद में धातु/उपसर्ग

प्रश्न- **प्रश्न** - प्रचलति में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर**- प्रचलति में प्र उपसर्ग तथा चल् (कम्पने) धातु है।

**उत्तर**- प्रचलति में प्र उपसर्ग तथा चल् (विलसने) धातु है।

**प्रश्न** - न्यवेदयत् में उपसर्ग तथा धातु बताएँ

**उत्तर**- न्यवेदयत् में नि उपसर्ग तथा विद् (ज्ञाने) धातु है।

## लकार परिवर्तन निर्देशानुसार लकार में परिवर्तन कीजिए।

प्रश्न- गमिष्यन्ति को लङ् लकार में बदलिये

उत्तर- अगच्छन्

प्रश्न- अहसत् का लट् लकार में रूप बदलिए।

उत्तर- हसति

प्रश्न- मिलति को लृट् लकार में बदलिये।

उत्तर- मेलिष्यति

प्रश्न- क्रेष्यन्ति का लट् लकार में रूप बताइए।

उत्तर- क्रीणन्ति

प्रश्न- अत्ति (खाता है) लृट् लकार

उत्तर- अत्स्यति

प्रश्न- आप्नुतः का लङ् लकार में रूप बताइए।

उत्तर- आप्नुताम्

**इसी प्रकार इन पदो के भी अन्य लकारों में रूप पूछें।**

बिभ्यति विधिलिंग (बिभियुः/बिभीयुः), अर्चति लृट् लकार (अर्चिष्यति), अर्जति लङ् लकार (आर्जत), अश्- अश्नाति विधिलिङ् (अशिष्यति), अस्यति लोट् लकार (अस्यतु/अस्यतात), आपयति लोट् लकार (आपयतु), ईर्ष्यति लङ् लकार (ऐर्ष्यत), क्षालयति लृट् लकार (क्षालयिष्यति) इत्यादि

अधोलिखित शब्दों से एक वाक्य बनायें-

वक्तुम्, गन्तुम्, कर्तुम्, खादितुम्, पातुम्, पठितुम्, श्रोतुम्, पठितुम्, दातुम्, मेलितुम्।

उदाहरण-

ते किमपि वक्तुम् इच्छन्ति ।

श्यामः हरिद्वारं गन्तुम् इच्छति ।

अहं गंगास्नानं कर्तुम् इच्छामि ।

त्वं मोदकं खादितुम् इच्छसि ।

तौ दुग्धं पातुम् इच्छतः ।

गीता गीतं श्रोतुम् इच्छति ।

राधा संस्कृतं पठितुम् गुरुकुलं गच्छति ।

निर्णायकः पारितोषिकं दातुम् इच्छति ।

अहं भवन्तं मेलितुम् इच्छामि ।

**इसी प्रकार अन्य उदाहरण पूछें।**

वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद को पहचानना

**प्रश्न** - अहमपि कदलीफलं खादामि इस वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद बताइये

उत्तर - अहम् (सर्वनाम) अपि (अव्यय) खादामि (क्रिया)

**प्रश्न** - रामायणी कथा एव तुभ्यं रोचते इस वाक्य में सर्वनाम, अव्यय तथा क्रियापद बताइये

उत्तर - तुभ्यं (सर्वनाम) एव (अव्यय) रोचते (क्रिया)

अव्यय

**प्रश्न** - अधोलिखित अव्यय युक्त पदों से वर्तमान काल, भूत काल तथा भविष्यत् काल का वाक्य बनायें।

सहसा । विना । नाना । स्वस्ति । अलम् । अन्यत् । मृषा । मिथ्या । पुरा । प्रायः । साकम् । सार्धम् । नमः । धिक् । अथ । आम् । च । वा । एव । एवम् । नूनम् । चेत् । चण् । हे । भोः । अये ।

**उत्तर**- तौ सहसा कार्यं न कुरुतः। सः सहसा अब्रवीत् आदि।

**प्रश्न** - अव्यय के साथ प्रश्नवाचक वाक्य बनायें

**उत्तर**- भोः किं इयं पाठशाला अस्ति ।

प्रश्न- नाना कार्याणि केन करणीयानि

प्रश्न- कस्मै स्वस्ति

प्रश्न- केन विना सुखं न प्राप्यते

प्रश्न- प्रमादेन कथम् अलम्

प्रश्न- अन्यत् किं दीयताम्

प्रश्न- मृषा आचरणं कीदृक् भवति

प्रश्न- वेदान्तमते मिथ्या का

## सुबन्त /तिङन्त पद से वाक्य निर्माण (1 से 5 पद तक का)

**नोट- एकतिङ्वाक्यम् नियम के अनुसार सभी तिङन्त पद वाक्य है।**

**प्रश्न**- एक पद वाला वाक्य बोलिए

**उत्तर** - लिखति ।

**प्रश्न**- "एकदा" इस सुबन्त पद को लेकर 4 पद का एक वाक्य बनायें-

**उत्तर** - एकदा काकः आकुलः आसीत् ।

**प्रश्न**- "वस्त्रपुटके" इस सुबन्त पद को लेकर 5 पद का एक वाक्य बनायें-

**उत्तर** - वस्त्रपुटके रूप्यकाणां अतीव आवश्यकता आसीत् ।

**प्रश्न**- प्रथमा तथा चतुर्थी विभक्ति युक्त तीन पदों वाला एक वाक्य बनायें.-

**उत्तर** - गीता शिष्याय पुस्तकं ददाति।

**इसी प्रकार** - महाजनाः, शैशवम्, उद्यानम्, धुरन्धरौ, एते, पितरौ, पठति, खेलति, खादति, पचति, अगच्छत्, पठिष्यति, आदि पदों से एक से पाँच पदों वाले वाक्य बनाने को कहें।

## शब्द शुद्धि (पंडित परीक्षा)

सर्वनाम किम् शब्द तथा अव्यय किम् शब्द में क्या अन्तर है?

| **अशुद्ध वाक्य** | **शुद्ध वाक्य** |
|---|---|
| यूयं कुत्र गच्छति? | यूयं कुत्र गच्छथ ? |
| त्वं कथं क्रीडति? | त्वं कथं क्रीडसि ? |
| अहं गच्छति । | अहं गच्छामि । |
| के आगच्छति | के आगच्छन्ति ? |
| पूरनौ कुत्र क्रीडन्ति ? | पूरनौ कुत्र क्रीडतः ? |
| अहम् अत्र स्थामि । | अहम् अत्र तिष्ठामि । |
| अहं सर्वो मिलामि । | अहं सर्वे मिलामि । |
| आकाशे चन्द्रम् शोभते । | आकाशे चन्द्रः शोभते । |

| | |
|---|---|
| आगच्छ भवान्। | आगच्छतु भवान् । |
| आत्मा अमरा भवति । | आत्मा अमरः भवति । |
| सः पुस्तकम् अस्ति । | तत् पुस्तकम् अस्ति । |
| ऐक्यः हि बलः । | ऐक्यं हि बलम् । |
| इदं वायुः वहति । | अयं वायुः वहति । |